राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर भोपाल–462033
दूरभाष क्रमांकः 0755–2678855

क्रमांक / रागांप्रौवि / परीक्षा / 2022 / 2513 — भोपाल, दिनांक : 17/11/2022

प्रति,

प्राचार्य / संचालक
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध
समस्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
मध्य प्रदेश

विषय : स्नातकोत्तर छात्रों के लिए अध्यादेश क्रमांक 12 की कंडिका क्र. 24.1.4 के अनुसार अंतिम अनुकम्पा अवसर के सम्बन्ध में।

संदर्भ : वि.वि. का पूर्व पत्र क्र. / रागांप्रौवि / परीक्षा / 2022 / 2174 दिनांक 27 / 09 / 2022

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करें जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा अध्यादेश क्रमांक 12 की कंडिका क्र. 24.1.4 के अंतर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों में 01 अनुकंपा अवसर प्रावधान के तहत दिसंबर–2022 की परीक्षाओं हेतु शपथ पत्र नॉन ज्यूडिशियल रू.100 /– के स्टाम्प पेपर पर प्राचार्य / संचालक द्वारा सत्यापन उपरांत **दिनांक 09 / 11 / 2022** तक प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था।

उपरोक्त संदर्भित पत्र में अध्यादेश में उल्लेखित प्रावधानों के अनुरूप ऐसे M.E./M.Tech./M.Pharma. पाठ्यक्रम के छात्र जिनका प्रवेश **शैक्षणिक सत्र 2017** है उन छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित होने का यह अंतिम अवसर होगा। शपथ पत्र के साथ यदि छात्र के अध्ययन में दो या दो से अधिक वर्षो का शैक्षणिक अंतराल (गेप) रहा है तो शपथ–पत्र के साथ नॉन ज्यूडिशियल रू.100 /– के स्टाम्प पेपर पर गेप सर्टिफिकेट भी पृथक से प्राचार्य / संचालक द्वारा सत्यापित करवाकर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

अतः आपको पुनः सूचित किया जाता है कि आपकी संस्था के ऐसे छात्र जो इस अंतिम अनुकंपा अवसर का लाभ लेना चाहते हैं वे अध्यादेश में उल्लेखित प्रावधान अनुसार 01 अनुकंपा अवसर हेतु शपथ–पत्र संलग्न प्रारुप में प्राचार्य / संचालक द्वारा अग्रेषित / सत्यापित करवाकर विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा में **संशोधित तिथि 09 / 12 / 2022 के पूर्व प्रस्तुत करें**। उक्त संशोधित तिथि के पश्चात् प्रस्तुत आवेदन / शपथ पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

उपरोक्तानुसार शपथ–पत्र प्रस्तुत करने के उपरांत आगामी कार्यवाही निम्न समय–सीमा के अनुसार संस्था पूर्ण करना सुनिश्चित करें ।

स.क्र.	विवरण	अंतिम तिथि
1.	छात्रों द्वारा फॉर्म भरने की तिथि	26 / 12 / 2022
2.	संस्था द्वारा थीसिस अपलोड एवं पैनल जनरेट करने की तिथि	31 / 12 / 2022
3.	Viva-Voce पूर्ण कराये जाने की तिथि	25 / 01 / 2023
4.	विश्वविद्यालय में प्राप्तांक / थीसिस जमा करने की तिथि	31 / 01 / 2023

कृपया आपकी संस्था के उन छात्रों को सूचित करें जो इस अनुकंपा अवसर का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं साथ ही आगामी कार्यवाही समय–सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें इसके उपरांत किसी भी ऐसे प्रकरण को निरस्त माना जावेगा एवं संस्था स्तर पर कोई त्रुटि होने पर विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की 113 वीं बैठक 27 / 09 / 2022 में लिए गए निर्णयानुसार कार्यवाही की जावेगी।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित।

परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल